सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-545
07/11/2017

# रूल ऑफ लॉ बिहार की पहचान है :– मुख्यमंत्री

पटना, 07 नवंबर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद भवन में बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम द्वारा आयोजित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 54 थाना भवन सहित कुल 174 नवनिर्मित पुलिस भवनों का उदघाट्न एवं 23 पुलिस भवनों का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर निगम को बधाई देते हुए कहा कि आज निगम काफी सक्रिय है। आज उद्घाटन होने वाली योजनाओं की राशि दो सौ करोड़ से ज्यादा की है। वर्ष 2007 के पहले बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम काफी बदत्तर स्थिति में थी। पहले की स्थिति को देखकर इसे बंद करने का निर्णय लिया गया। उस निर्णय को रद्द किया और फिर से निगम को गतिशील बनाया गया। इसको काम सौंपकर इसे सक्रिय तो बनाया ही गया, साथ ही इसके काम के दायरे को भी बढ़ाया गया। आज इसका टर्नओवर 364 करोड़ 57 लाख रुपये तक पहुंच गया है। यह निगम न सिर्फ भवनों का निर्माण करता है बल्कि भवनों का रखरखाव को भी देखता है। समारोह में निगम द्वारा दिखाए गए स्लाइड के जरिए तस्वीरों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कितनी अच्छी तस्वीरें हैं, आप जाकर देखेंगे तो वैसा ही होगा। पहले पुलिस भवनों की स्थिति कितनी दयनीय हुआ करती थी। आज थानों की बहुमंजिली इमारतों को देखकर विश्वास नहीं होता कि यह थाने का भवन है। हर तरह के इंतजाम इसमें किया गया है, जो अपने आप में परिपूर्ण है। पहले पुलिस लाइन की स्थिति काफी दयनीय हुआ करती थी, बुनियादी सुविधाओं का बिल्कुल अभाव हुआ करता था, हमने कहा कि एस0पी0 पुलिस लाइन में खुद जाकर जवान से मिलें, उनकी स्थिति को समझें। हमनें प्रारंभिक आवश्यकताओं को पूरी कर पुलिस लाइन को नए ढंग से ठीक करने का निर्देश दिया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शराबबंदी कानून लागू करने में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका है। अगर पदाधिकारी सजग रहेंगे तो इस शराबबंदी पर नकेल कसी जा सकेगी। पुलिस की जितनी आवश्यक जरुरतें हैं, उसे हमलोगों ने पूरा करने की कोशिश की है। अच्छे पोशाक के लिए धन राशि, 9वें वेतन आयोग में पुलिसकर्मियों के सुविधा का ध्यान, अच्छे वाहन एवं शस्त्र की व्यवस्था की गई है। हमारा मुख्य उद्देश्य है रुल ऑफ लॉ को बनाये रखना। इसमें शासन की, पुलिस की, न्यायपालिका की अहम भूमिका है। कानून का राज बनाये रखने में किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। सरकार की यह सोच है कि न तो हम किसी को फंसाते हैं न ही किसी को बचाते हैं। अगर किसी ने अपराध किया है तो कानून सम्मत कार्रवाई की जाएगी। चाहे कोई भी दोषी व्यक्ति हो, कानून के कटघरे में होगा। सरकार का जो नजरिया है, वह पुलिस का भी नजरिया होना चाहिए। जिले में अगर एस0पी0 सतर्क रहेंगे तो नीचे सब कुछ ठीक होगा। प्रशासनिक स्तर पर पुलिस रिफॉर्म के लिए हमने कुछ दिन पहले छह घंटे की समीक्षा की थी। जिसमें होने वाली घटनाओं के प्रकार, अपराध, क्षेत्रीय स्तर सब पर चर्चा की और अधिकारियों से कहा कि इस संबंध में विश्लेषण कीजिए और चीजों को नियंत्रित कीजिए। जिन चीजों की इसके लिए जरुरत होगी, सरकार उसे उपलब्ध कराएगी। जरुरत पड़ी तो पद सृजित करेंगे, धन उपलब्ध कराएंगे। मुझे पता है आई0ए0एस0,

आई0पी0एस0 की कमी के कारण ऊपर के लेबल पर अधिकारियों की कमी है लेकिन जो भी पद हों जिम्मेवारी तय रखिए। आपकी सजगता से लोगों के मन में भरोसा जगता है।

मुख्यमंत्री ने कहा शराबबंदी, नशामुक्ति से लोग प्रसन्न हैं, जो परिवार पहले बर्बाद हो रहे थे, आबाद हो रहे हैं। समाज में महिलाएं, युवा, बुजुर्ग आज सभी लोग खुश हैं। जो पहले शराब पीते थे, शराब छोड़कर वे भी खुश हैं। कुछ चंद लोग इस धंधे में लिप्त हैं, जो गैरकानूनी ढंग से इसे अंजाम दे रहे हैं। उस पर आपको नजर रखने की जरुरत है। आपकी सक्रियता के बिना यह संभव नहीं हो पाएगा। आई0जी0 प्रॉव्हिशन का पद सृजित किया जाएगा, जो एक्साइज से जुड़ा रहेगा। उसे जिले में चलाये जा रहे ऑपरेशन के मॉनिटरिंग का अधिकार होगा और जरुरत पड़ने पर मामले को टेकओवर भी कर सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में नए तरह से विशिष्ट भवन बनाये जा रहे हैं, जो अपने आप में प्रदर्श हैं। चाहे सम्राट अशोक कन्वेंशन केन्द्र हो, बिहार संग्रहालय, राजगीर का कन्वेंशन सेंटर हो, सब अपने आप में विशिष्ट है। उन्होंने कहा कि राजगीर में बनने वाला पुलिस अकादमी मेरा ड्रीम प्रोजेक्ट है। मुख्यमंत्री ने बिहार पुलिस अकादमी के जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु प्रधान सचिव गृह को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेली रोड पर बनने वाला पुलिस भवन अपने आप में विशिष्ट है, बिल्डिंग का डिजायन विशिष्ट है। ये भूकंपरोधी है, बीच का स्ट्रक्चर अद्‌भूत है। 8—9 रिएक्टर पैमाने वाले भूकंप में भी यह कायम रह सकता है। इसके छत के उपर हेलीपैड बन रहा है। पुलिस भवन निर्माण भवन बहुत अच्छा काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि नया बिल्डिंग तो बना ही रहे हैं, आपलोग पुराने को भी दुरुस्त कीजिए। पुराने पुलिस लाइन को हटाकर नए पुलिस लाइन बनायें। जो भी भवन बनाएं वो सब भूकंपरोधी हो। मुख्यमंत्री ने कहा बिहार की पहचान रुल ऑफ लॉ के लिए है। इसकी पहचान आपलोगों को बनाए रखने की जरुरत है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पुलिस भवन निर्माण निगम के उत्कृष्ट कार्य करने वाले एजेंसी/संवेदकों/अधिकारियों/कर्मियों को पुरस्कृत किया। मुख्यमंत्री को भवन निर्माण निगम की तरफ से निगम अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री सुनील कुमार एवं पुलिस महानिदेशक श्री पी0के0 ठाकुर ने प्रतीक चिह्न भेंट किया।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक श्री पी0के0 ठाकुर, प्रधान सचिव गृह श्री आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री सुनील कुमार सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

******